हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, गुरुवार, 19 जून 2025

11 लोगों से जुड़कर धरातल पर कार्य करें पुलिसकर्मी



12 योग दिवस की तैयारियों में जुटे प्रशिक्षक



## खबर संक्षेप

### सुबह हल्की बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

**झज्जर।** बुधवार दिन की शुरुआत हल्की बारिश के साथ हुई। जिसके कारण मौसम खुशनुमा हो गया और गर्मी से आंशिक राहत मिली। लेकिन दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला और धूप ने लोगों को खूब परेशान किया। सांय ढले उमस के कारण लोगों का पसीने से जीना मुहाल रहा। बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।

### अवैध शराब ठेके पर पुलिस का छापा

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-दो ने अवैध शराब की एक दुकान पर छापा मारा। लाइसेंस समाप्त होने के बाद भी इस ठेके पर शराब बेची जा रही थी। ठेके से काफी मात्रा में शराब बरामद हुई है। एक आरोपी को भी काबू किया गया है। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। सीआईए को सूचना मिली थी कि गांव दहकोरा में लोहारहेड़ी रोड पर एक अवैध शराब की दुकान है। इस सूचना पर टीम वहां गई और छापा मारा। जांच के दौरान सामने आया कि कुछ समय पहले इस दुकान का टेंडर खत्म हो गया था। बची हुई शराब ठेका मालिक द्वारा बेची जा रही थी। मौके पर देशी शराब की 230 पेटी, एक पेटी अंग्रेजी और बीयर की 19 पेटियां बरामद हुई। वहीं आरोपी राकेश को काबू कर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### रास्ता रोककर युवक पर किया हमला

**बहादुरगढ़।** गांव भापड़ोदा में रास्ता रोककर एक युवक के साथ मारपीट करने व धमकी देने का मामला सामने आया है। गांव के ही दो युवकों पर आरोप है। मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात लक्ष्य के साथ हुई है। भापड़ोदा के निवासी लक्ष्य का कहना है कि उसने एक कंपनी में कैंटीन कर रखी है। वह कंपनी में खाना देने जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही दो युवकों ने रास्ता रोक लिया और हाथापाई शुरू कर दी। फिर बाइक की चाबी लेकर मेरे सिर पर प्रहार किया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उधर, आसौदा पुलिस का कहना है कि दो नामजद युवकों पर केस दर्ज हुआ है।

### पशुओं के लिए लगाए इंवर्टर-बैट्री चोरी

**झज्जर।** गांव बहू में एक पशुपालक द्वारा पशुओं के लिए लगाए गए इंवर्टर व बैट्री चोरी हो गए। पशुपालक माडूराम ने बताया कि उसनके बहु गांव से चिड़िया गांव जाने वाले मार्ग पर मकान बना रखा जहां उसने पशुओं के लिए इंवर्टर लगाया हुआ है। बीती सौलह जून की रात उसके इंवर्टर व बैट्री चोरी हो गए। उसने अपने स्तर पर भी चोरी हुआ सामान तलाशने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सफाई व जल निकासी व्यवस्था का किया निरीक्षण, अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश

# पहली बरसात में जलभराव होते ही फील्ड में उतरे डीसी-एसडीएम

- बरसात के मौसम में जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखना प्रशासन की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मंगलवार को हुई सीजन की पहली बरसात में ही जलभराव हो गया। इसका संज्ञान लेते हुए जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बुधवार सुबह बहादुरगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। डीसी ने एसडीएम के साथ शहर की सफाई व्यवस्था और बरसाती पानी की निकासी से जुड़े प्रबंधों की मौके पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग बेहतर परिणाम के लिए आपसी समन्वय से कार्य करें।

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बुधवार सुबह अधिकारियों को साथ लेकर झज्जर रोड, बादली रोड, नजफगढ़ रोड, मुंगेशपुर ड्रेन, लाइनपार एरिया, बराही रोड, सेक्टर-6, पंप हाउस, पटेल नगर सहित अन्य क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल निकासी व्यवस्था में बाधित अतिक्रमण का तत्काल हटाएं। बरसात के मौसम में जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। डीसी ने एसडीएम नसीब कुमार से कहा कि वे सफाई व जल निकासी व्यवस्था से संबंधित विभागों की निरंतर मॉनिटरिंग करें, ताकि आपसी समन्वय बना रहे। इस दौरान नप ईओ अरूण नांदल, एक्सईएन अमन मोर, एक्सईएन अनिल रोहिल्ला, एक्सईएन ईशान सिवाच आदि अधिकारी मौजूद रहे।





**बहादुरगढ़।** अधिकारियों के साथ शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते डीसी व एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### नालियों की समय पर हो सफाई

डीसी ने उन क्षेत्रों का भी दौरा किया, जहां उन्होंने स्वयं 15 दिन पहले निरीक्षण किया था। कई स्थानों पर कार्य संतोषजनक मिला और जहां कमियां मिली, वहां जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार भी लगाई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालियों की समय पर सफाई, जल निकासी पाइपलाइन की जांच और आवश्यकतानुसार मशीनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्थिति में बरसात के दौरान जलभराव नहीं होना चाहिए। सफाई व्यवस्था को लेकर नगर परिषद अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल करे। हर विभाग अपनी जिम्मेदारी समयबद्ध ढंग से निभाए। डीसी ने नफजगढ़ रोड और झज्जर रोड की जल निकासी व्यवस्था को एसटीपी तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल निकासी व्यवस्था का स्थायी समाधान का करें।

*आमजन से डीसी का आह्वान:* डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि नागरिक जलनिकासी नालियों में घरेलू कूड़ा, प्लास्टिक या कोई भी ठोस अवशेष न डालें। ऐसा करने से जल निकासी नाले बाधित होते हैं और बरसात के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखने में नागरिकों की भागीदारी बेहद जरूरी है।

## हसनपुर गांव में बिजली ठीक करने पहुंचे कर्मचारियों के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गांव हसनपुर में बिजली कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों द्वारा मारपीट की गई है। पुलिस को दी शिकायत में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ सब अर्बन ने बताया कि 33 केवी पावर हाउस कुंजैया में कार्यरत नाइट ड्यूटी स्टॉफ एएफएम राजपाल, लाइनमैन रमेश कुमार व एएलएम हेमंत कार्यरत है। वे तीनों मंगलवार की रात करीब साढ़े नौ बजे कासनी आरडीएस लाइन को ठीक करने गए थे। इसके बाद जब वे लाईट ठीक करने के बाद हसनपुर की लाईट ठीक करने पहुंचे तो एक नंबर से बार बार फोन रहे थे। स्टॉफ सदस्यों के अनुसार जब वे गांव के सरकारी स्कूल के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति ने उनकी गाड़ी के सामने बाइक लगाकर रास्ता रोकते हुए गाड़ी की चाबी निकाल ली। उसके बाद वह उनके साथ गाली गलौच व मारपीट करने लगा तो कर्मचारियों ने जेई देवेंद्र कुमार व एसडीओ को इसकी सूचना दी। इसके बाद डायल 112 के माध्यम से पुलिस भी बुलाई गई। कर्मचारियों के अनुसार मारपीट करने वाले लोगों में जगदीश, गौरव व सूरज के अलावा दो अन्य लोग भी शामिल थे। निगम अधिकारियों ने पांचों लोगों पर सरकारी काम में बाधा डालने व गाली गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में कानूनी कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।



**झज्जर।** बिजली कर्मचारियों से मामले की जानकारी लेते हुए पुलिसकर्मी।

### रोहद में करंट लगने से किशोर की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 15 वर्षीय जितेंद्र के रूप में हुई है। प्रवासी मूल का जितेंद्र यहां परिवार सहित रहता था। मंगलवार की सायं वह खेल रहा था। इस दौरान गली में ट्रांसफार्मर के निकट एक तार की चपेट में आ गया। जब तक उसे संभाला जाता, देर हो चुकी थी। अस्पताल में ले गए तो डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची और परिजनों के बयान लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि करंट लगने से किशोर की मौत हुई है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

## हाइटेंशन लाइन के करंट से राष्ट्रीय पक्षी की जान गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- टांडाहेड़ी में महीनेभर में तीन मोरों की मौत

बिजली की तारें राष्ट्रीय पक्षी मोर के लिए नुकसानदेह साबित हो रही हैं। आए दिन कहीं न कहीं करंट लगने से मोरों की मौत हो रही है। अब टांडाहेड़ी में इस तरह की एक और घटना हो गई। बीते महीनेभर में यहां करंट से तीन मोरों की मौत हो चुकी है। इस समस्या से निपटने के लिए कोई रास्ता नहीं निकाला जा रहा। इस वजह से जीव प्रेमी आहत हैं।

घटना मंगलवार सुबह की है। टांडाहेड़ी में हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर मादा मोर घर के बाहर नीचे जमीन पर जा गिरी। जब तक उसे संभाला जाता, देर हो चुकी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने मोर को अंतिम विदाई दी। इतना ही नहीं, गत सात अगस्त को भी इस गांव में एक मोर हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर जान गंवा बैठा। वहीं इससे कुछ दिन पहले ऐसा ही एक और हादसा हुआ था। गांव में लगातार हो रही मोरों की मौतों से जीव प्रेमी भी आहत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ समय पहले ही तारें बदली गई हैं। तारें खुली हैं और बड़ा पक्षी होने के कारण मोर दोनों तारों की संपर्क में आ जाता है। इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। तारों पर स्लीव चढ़ाई जाए या फिर इन्हें बदलकर इंसुलेटेड वायर लगाई जाए। वहीं, बिजली निगम के एक अधिकारी ने बताया कि यदि पंचायत या ग्रामीण निगम के संज्ञान में मामला लाए तो कोई न कोई रास्ता निकल सकता है।



**बहादुरगढ़।** करंट लगने से मरा पड़ा राष्ट्रीय पक्षी मोर।

## यात्रियों पर भारी पड़ रही ऑटो चालकों की लापरवाही

- ऑटो ने बस में मारी टक्कर कई सवारियां घायल
- कई-कई सवारियां बैठाकर ऑटो को आड़ा तिरछा चलाते हैं चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

इलाके में कुछ ऑटो चालकों द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। कई-कई सवारियां बैठाकर ऑटो को आड़ा तिरछा चलाते हैं। जिस वजह से आए दिन बहादुरगढ़ की सड़कों पर ऑटो/थ्री-व्हीलरों के एक्सीडेंट हो रहे हैं।

अब एचएसआईआईडीसी में एक और दुर्घटना हो गई। यहां एक बेलगाम थ्री-व्हीलर ने सड़क पर खड़ी बस को टक्कर मार दी। हादसे में थ्री-व्हीलर में बैठी दो सवारियां बुरी तरह से घायल हो गई, अन्य को हल्की चोट आई। हादसे के बाद थ्री-व्हीलर चालक चंपत हो गया। राम नगर के निवासी रमेश का कहना है कि वह सेक्टर-16 स्थित एक कंपनी में काम करता है।

सुबह थ्री-व्हीलर में सवार होकर कंपनी के लिए रवाना हुआ। थ्री-व्हीलर में में एक युवती मालती सहित अन्य दो तीन सवारियां भी बैठी थी। चालक बेहद ही बेढ़ंगे तरीके से तीव्र गति में थ्री व्हीलर चला रहा था। हमने उसको कई बार धीरे चलाने को बोला लेकिन नहीं माना।

करीब आठ बजे जब एचएसआईआईडीसी स्थित एक कंपनी के पास पहुंचे तो सड़क किनारे खड़ी बस को टक्कर मार दी। इस हादसे में मुझे व मालती को काफी चोट आई। इसके बाद आरोपी ऑटो चालक वहां से भाग गया। आसपास मौजूद लोगों ने हमको संभाला और अस्पताल लेकर गए। उधर, पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि बहादुरगढ़ में ज्यादातर दुर्घटनाएं थ्री-व्हीलरों के साथ ही हो रही है। इसकी वजह लापरवाही और तीव्र गति है। इसके अलावा नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एक एक ऑटो में कई-कई सवारियां भर दी जाती हैं।

## परिचालक पर जानलेवा हमले के विरोध में रोडवेज कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

- फतेहाबाद पुलिस प्रशासन से की आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार बुधवार को स्थानीय बस स्टैंड पर डिपो कर्मचारियों द्वारा परिचालक पर हुए हमले के विरोध में रोष प्रदर्शन किया गया। सांझा मोर्चा सदस्य विजय माजरा ने बताया कि फतेहाबाद डिपो के परिचालक कृष्ण कुंडू पर ड्यूटी के दौरान हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया जिस कारण कर्मचारियों में रोष है। इसी को लेकर उन्होंने दस बजे से बारह बजे तक विरोध प्रदर्शन किया है।

प्रदर्शन का नेतृत्व कृष्ण सिवाना व विक्रम ने किया। महिपाल व प्रवीण डीघल ने बताया कि 16 जून को हरियाणा राज्य परिवहन फतेहाबाद डिपो की एक बस हरिद्वार से फतेहबाद जा रही थी। बस जब हिसार बस अड्डे पर पहुंची तो सवारियों के साथ कुछ लड़के भी बस में बैठ गए। जब परिचालक कृष्ण कुंडू द्वारा एक युवक को टिकट लेने के लिए कहा तो उसने टिकट लेने से मना कर दिया और अपने साथियों के साथ मिलकर बस परिचालक के साथ मारपीट की। झगड़े में आई चोटों के कारण परिचालक अग्रोहा अस्पताल में उपचाराधीन है। प्रशासन द्वारा भी इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई तो फतेहाबाद डिपो व टोहाना सब डिपो के कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी।

प्रदर्शन के दौरान फतेहाबाद पुलिस प्रशासन से हमलावरों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी किए जाने की मांग की गई। डिपो कर्मचारियों ने कहा कि रोडवेज़ विभाग में चालक एवं परिचालक सुरक्षित नहीं हैं। हर रोज किसी न किसी डिपो के चालक व परिचालक के साथ नाजायज मारपीट की जा रही हैं। सरकार व प्रशासन द्वारा ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही। उन्होंने बताया कि बीती 15 मई को जीरकपुर में चंडीगढ़ डिपो के चालक अमित व परिचालक हिम्मत पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों को भी अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो सांझा मोर्चा की अगली बैठक में आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा।



**झज्जर।** बस स्टैंड परिसर में बैठकर विरोध-प्रदर्शन करते हुए रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### सिम चोरी कर खाते से साढ़े छह लाख रुपये निकाले

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के निवासी एक व्यक्ति के खाते से रहस्यमयी परिस्थितियों में साढ़े छह लाख रुपये निकल गए। जाली सिम के जरिये रुपये निकालने की बात सामने आई है। घर में काम करने वाली एक महिला के नाबालिग लड़के पर शक जताया गया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी। वारदात श्याम सुंदर के साथ हुई है। श्याम सुंदर का कहना है कि लाइनपार स्थित सेंट्रल बैंक में उनका खाता है। इस खाते में पेंशन आती है। गत 22 मई को हमारे घर से मेरे मोबाइल की सिम चोरी हुई थी। फिर 24 मई को रुपये चोरी हुए। घर में काम करने वाली महिला के लड़के पर शक था। पुलिस को शिकायत दी तो बाद में लड़के के पिता ने हमें रुपये दे दिए थे। अब हाल ही में जब बैंक में जाकर पासबुक चेक कराई तो साढ़े छह लाख रुपये खाते से गायब मिले। कर्मचारियों से पता चला कि फोन के जरिये ये रुपये ऑनलाइन निकाले गए हैं। संभवतः सिम चोरी करने के बाद जाली सिम निकल वाई गई। फिर उसके जरिये रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। मामले में नाबालिग लड़के पर शक है। सत्यता जांच का विषय है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। जिन खातों में रुपये गए हैं, उनका पता लगाया जा रहा है। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

## अविश्वास प्रस्ताव पेश कर चुके ब्लॉक समिति सदस्यों ने सीएम से की थी जांच की मांग

# जिप सीईओ करेंगे चेयरपर्सन के खिलाफ आरोपो की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- चेयरपर्सन वर्षा गौतम व उनके पति सत्यवान दलाल पर कई तरह के आरोप लगाए
- सीईओ ने चेयरपर्सन समेत सभी सदस्यों को साक्ष्यों के साथ 24 जून को झज्जर तलब किया

ब्लॉक समिति के विभिन्न सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को एक शिकायत दी गई थी, जिसमें चेयरपर्सन वर्षा गौतम व उनके पति सत्यवान दलाल पर कई तरह के आरोप लगाए गए थे। यह जांच विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा के महानिदेशक के माध्यम से झज्जर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्राप्त हुई है। उन्हें जांच करके 15 दिन में रिपोर्ट भेजनी है। जिस पर सीईओ ने चेयरपर्सन समेत सभी सदस्यों को साक्ष्यों के साथ 24 जून को झज्जर तलब किया है।

बहादुरगढ़ ब्लॉक समिति के विभिन्न सदस्यों ने 6 मई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को शिकायत पत्र सौंपा था। इसमें ब्लॉक समिति चेयरपर्सन वर्षा गौतम, उनके पति सत्यवान दलाल पर दबंगई करने, विकास कार्यों की राशि का दुरुपयोग करने समेत अन्य आरोप लगाए गए थे। इसके अलावा उन्होंने फर्जी शपथ पत्र भी संबंधित कार्यालय में जमा करवाने तथा जान से मारने की धमकी देने के भी आरोप लगाए हैं। यह शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय से विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा के महानिदेशक को भेजी गई। वहां से 2 जून को यह शिकायत जिला परिषद झज्जर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भेजते हुए जांच कर 15 दिन में रिपोर्ट कार्यालय में भेजने के आदेश दिए गए।

जिला परिषद के सीईओ ने सोमवार 16 जून को जारी आदेश में ब्लॉक समिति चेयरपर्सन वर्षा गौतम समेत सभी ब्लॉक समिति सदस्यों को संबंधित सबूतों के साथ 24 जून को झज्जर डीआरडीए कार्यालय में तलब किया है। विदित है कि खंड समिति में पिछले कई महीने से नाराज पार्षद चेयरपर्सन के विरुद्ध मोर्चा खोले हुए हैं। इसे लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता भी दो धड़ों में बंट गए हैं। इस खींचतान के कारण खंड के गांवों में विकास कार्य भी महीनों से प्रभावित हैं।



**बहादुरगढ़।** चेयरपर्सन के विरुद्ध मुखर सदस्यों का फाइल फोटो।

## धोखाधड़ी : पहले कराया जमीन का फुल पेमेंट एग्रीमेंट, बाद में लिया बैंक से लोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

- ढराणा निवासी फूल उर्फ फूलकंवार के साथ 45 लाख रुपये में किया गया था जमीन का सौदा

क्षेत्र के गांव ढराणा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही अन्य व्यक्ति पर 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में फूल उर्फ फूलकंवार ने बताया कि बीते वर्ष जुलाई माह में गांव निवासी राजकुमार अपनी पत्नी व पुत्र के साथ उसके घर पर आया था। उसने अपने पुत्र को विदेश भेजने के लिए रुपयों की आवश्यकता था और वह जमीन बेचना चाहता था। जिसके बाद बताई गई जमीन का सौदा 45 लाख रुपये में मौखिक रूप से तय किया गया। पीड़ित के अनुसार इसके बाद उसने 22 जुलाई 2024 को राजकुमार के कहने पर आठ लाख रुपये उसकी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कर दिए।

इसके बाद 28 जुलाई को नौ लाख रुपये का चेक राजकुमार को दिया तथा बकाया 28 लाख रुपये 24 सितंबर 2024 को नकद राजकुमार, उसकी पत्नी व उसके पुत्र के समक्ष अपने घर पर उन्हें सौंपे। बाद में बेरी तहसील जाकर खरीदी गई जमीन का फुल पेमेंट का एग्रीमेंट भी कराया गया। जिसमें राजकुमार द्वारा उसके कहने पर उक्त जमीन की रजिस्ट्री कराने का पाबंद रहने का वचन दिया गया था। फूल उर्फ फूलकंवार के अनुसार जब वह बीती पांच फरवरी को जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए राजकुमार को तहसील में बुलाया तो वह नहीं आया।

इसके बाद उसे ज्ञात हुआ कि राजकुमार ने उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए 23 दिसंबर 2024 को बेरी स्थित एक बैंक से उसी जमीन पर लोन ले लिया जिसका उसके साथ फुल पेमेंट एग्रीमेंट किया गया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया है।

हालांकि हर योगासन को करने का अलग लाभ होता है लेकिन सूर्य नमस्कार एक ऐसी यौगिक प्रक्रिया है, जिसमें सात आसन और बारह मुद्राएं होती हैं। इनकी विधि और इनके लाभों के बारे में जानिए।

## तन-मन में ऊर्जा का संचार करे सूर्य नमस्कार

यौगिक क्रिया

संध्या रानी




सूर्य नमस्कार का अभ्यास हमारे शरीर और मन को ऊर्जा, शक्ति और स्फूर्ति से लबालब कर देता है।

**प्रणाम मुद्रा:** सीधे खड़े होकर एक गहरी श्वास-प्रश्वास लीजिए। अपने हथेलियों को प्रणाम की मुद्रा में सीने के सामने रखें। आंखों को ढीली बंद कर श्वास-प्रश्वास पर अपने मन को एकाग्र करें।

**हस्त उत्तानपाद:** प्रणाम मुद्रा के बाद श्वास अंदर को लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर सीधा उठाते हुए धड़ को सुविधाजनक स्थिति तक पीछे झुकाएं।

**पाद हस्तासन:** दूसरी स्थिति के बाद श्वास धीरे-धीरे बाहर निकालते हुए, सिर तथा धड़ को धीरे से आगे की ओर इतना झुकाएं कि अंतिम स्थिति में हथेलियां पैरों के अगल-बगल जमीन पर आ जाए और माथा घुटने को स्पर्श करे। इस स्थिति में आने के लिए कोई जबर्दस्ती नहीं करना है। लेकिन यह ध्यान रखें कि स्लिप डिस्क, स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका तथा तीव्र कमर दर्द की शिकायत वाले सूर्य नमस्कार की इस अवस्था का अभ्यास न करें।

**अश्व संचालन आसन:** तीसरी अवस्था के बाद तुरंत श्वास अंदर लेते हुए दाएं पैर को पीछे ले जाएं। आगे वाले पैर को घुटने से मोड़ लें तथा पीछे वाले पैर का घुटना जमीन से स्पर्श करता है। दोनों हाथ अपने स्थान पर सीधी जमीन से लंबवत बने रहें। सिर को पीछे ले जाते हुए कमर को धनुषाकार बनाएं।

**पर्वतासन:** चौथी अवस्था के बाद श्वास बाहर निकालते हुए बाएं पैर को भी दाएं पैर के पास ले जाएं। नितंबों को भी अधिकतम सुविधाजनक स्थिति तक ऊपर उठाएं। कोशिश करें कि पैर की एड़ियां तथा तलवे जमीन को स्पर्श करें और सिर दोनों हाथों के बीच में आ जाएं। अपने श्वास को सामान्य कर लें।

**अष्टांग नमस्कार:** अब श्वास बाहर निकालते हुए हथेलियों और पैर को यथा स्थान रखते हुए पूरे शरीर को नीचे जमीन पर इस तरह ले आएं कि शरीर के आठ अंग जमीन पर रहें लेकिन छाती और घुटने के बीच का भाग जमीन से ऊपर रहे।

**भुजंगासन:** छठी अवस्था के तुरंत बाद श्वास अंदर लेते हुए हाथ के सहारे धड़ को जमीन से इतना ऊपर उठाएं कि हाथ कोहनी से सीधे हो जाए।

**पर्वतासन:** सातवीं अवस्था के तुरंत बाद सांस बाहर निकालते हुए पांचवीं अवस्था को दुहराते हुए पर्वतासन में आ जाइए।

**अश्वसंचालनासन:** पर्वतासन के तुरंत बाद श्वास अंदर लेते हुए दाएं पैर को आगे दोनों हाथों के बीच में ले आकर चौथी अवस्था अश्वसंचालनासन में आ जाएं।

**पादहस्तासन:** नौवीं अवस्था के बाद श्वास बाहर निकालते हुए बाएं पैर को भी हाथों के बीच में ले जाकर पादहस्तासन में आ जाएं।

**हस्तोतनासन:** पादहस्तासन के बाद श्वास अंदर लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाते हुए सीधे खड़े होकर धड़ को सुविधाजनक स्थिति में अधिकतम की ओर ले जाएं।

**प्राण मुद्रा:** अब श्वास को बाहर निकालते हुए दोनों हाथों को पहली अवस्था की भांति सीने के सामने प्राण मुद्रा में ले आएं।

**सावधानी:** यह सूर्य नमस्कार का आधा चक्र है। यही बारह मुद्राएं अश्वसंचालनासन आसन में बाएं पैर को पीछे की ओर ले जाकर करें। अन्य मुद्राएं समान हैं। शुरू में इसके एक या दो चक्रों के अभ्यास से ही शुरुआत करें। जैसे-जैसे आपकी क्षमता बढ़ती जाए इसके चक्रों संख्या भी बढ़ाते जाएं। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान और गर्भावस्था में तीसरे महीने के बाद भी इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।

**होने वाले लाभ:** इसके अभ्यास से शरीर की सभी मांसपेशियां और नसें क्रियाशील हो जाती हैं। पाचन, खून का संचालन, श्वास-प्रश्वास प्रणाली, उत्सर्जन अंग, स्किन और सभी ग्रंथियां क्रियाशील, शक्तिशाली एवं पुष्ट होते हैं। शरीर में स्थित नाड़ी संस्थान को सक्रिय कर पूरे शरीर को संतुलित करता है। मोटापे को कम करता है। शरीर में खून के संचालन को सक्रिय कर लचीलापन बढ़ाता है। मस्तिष्क को शुद्ध खून पहुंचा कर स्मृति और धारण शक्ति को बढ़ाता है। मानसिक तनाव और भावनात्मक असंतुलन को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। *

**(योगाचार्य कौशल किशोर से बातचीत पर आधारित)**

---

योगोपचार

वेद प्रकाश आर्य
योग प्रशिक्षक
पतंजलि योग फाउंडेशन, कोलकाता

अस्त-व्यस्त जीवनशैली और असंतुलित खान-पान से आज के दौर में हर उम्र के लोग अनेक रोगों से ग्रस्त हो रहे हैं। जीवनशैली और आहार की आदतों में सुधार के साथ अगर आप कुछ आसनों और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करें तो इन रोगों से बचे रह सकते हैं।


इन दिनों हाई बीपी, बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) जनित हार्ट डिजीज, डायबिटीज और थायरॉइड जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां अधिसंख्य लोगों को परेशान कर रही हैं। इनकी समुचित चिकित्सा के साथ-साथ रोगानुसार आसन और प्राणायाम भी किए जाएं तो स्थिति में तेजी से सुधार हो सकता है। इन्हें नियमित किया जाए तो इनके प्रकोप से बचा भी जा सकता है।

## जीवनशैली से उत्पन्न रोगों से बचाएं ये आसन और प्राणायाम



### कोलेस्ट्रॉल के लिए लाभकारी योगासन

**उत्तानपादासन:** इसे रेज्ड लेग पोज भी कहा जाता है। यह पेट की चर्बी को कम करने, पाचन में सुधार करने और पीठ दर्द में राहत देने में मदद करता है। साथ ही यह कूल्हों, जांघों, पेट और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करने में भी मदद करता है। यह आसन आंतों को सक्रिय करके कब्ज और गैस जैसी पाचन समस्याओं में राहत देता है। इतना ही नहीं यह आसन शरीर को शांत करके तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। उत्तानपादासन एक सरल और प्रभावी आसन है।



**अर्ध मत्स्येंद्रासन:** इसे भगवान मत्स्य की अर्द्ध मुद्रा भी कहा जाता है। यह आसन रीढ़ की हड्डी को घुमाकर और पेट के अंगों को उत्तेजित करके कई लाभ प्रदान करता है। इस आसन से पाचन में सुधार, पीठ दर्द में राहत और तनाव कम होने में मदद मिलती है। यह आसन पेट के अंगों को उत्तेजित करता है, जो मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आसन तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। साथ ही यह रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे दिमाग को अधिक ऑक्सीजन मिलती है। इसे नियमित करने से पेट के अंगों का उद्दीपन होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और वजन कम होता है। यह आसन यकृत, गुर्दे और अग्न्याशय की मालिश करता है और उन्हें उत्तेजित करता है, जिससे वे बेहतर ढंग से काम करते हैं।

### डायबिटीज में कारगर योगासन

**मंडूकासन:** यह डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद आसन है क्योंकि यह अग्न्याशय को उत्तेजित करके इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाता है,



जिससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। यह आसन पेट के अंगों की मालिश करता है, पाचन में सुधार करता है और तनाव को कम करता है, जिससे डायबिटीज से संबंधित जटिलताएं कम होती हैं। यह आसन वसा को बर्न करने में मदद करता है, जिससे जांघों और कूल्हों पर जमी चर्बी कम होती है। मंडूकासन तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में भी मदद करता है। लेकिन पेट में कोई बीमारी या ऑपरेशन होने पर मंडूकासन करने से पहले डॉक्टर से बात करें। अगर आपको हाइपरएसीडिटी है तो भी यह आसन न करें। गर्भवती महिलाओं को भी यह आसन नहीं करना चाहिए।

**वक्रासन:** इसे स्पाइनल ट्विस्ट भी कहा जाता है, यह डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह अग्न्याशय (पैंक्रियाज) को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन का उत्पादन बेहतर होता है और रक्त शर्करा का स्तर नियंत्रित रहता है। यह आसन पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है और पेट दर्द में राहत देता है। यह पीठ दर्द और लचीलेपन में सुधार करता है। यह तनाव और चिंता को भी कम करता है।

### हाई बीपी में कारगर आसन

**शवासन:** यह बेहद आसान लेकिन अत्यंत उपयोगी आसन है जो उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) को नियंत्रित करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आसन शरीर को आराम देता है, तनाव को कम करता है, जिससे रक्तचाप प्राकृतिक रूप से कम होता है। शवासन में गहन विश्राम से रक्तचाप कम होता है और हृदय गति स्थिर रहती है। नियमित शवासन का अभ्यास हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**वज्रासन:** डायमंड पोज कहा जाने वाला यह आसन, बीपी (ब्लड प्रेशर) को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह आसन शरीर में रक्त परिसंचरण को बेहतर बनाता है, तनाव को कम करता है और पाचन में सुधार करता है। यह आसन तंत्रिका तंत्र को शांत करता है और तनाव को कम करता है, जो बीपी का एक प्रमुख कारण है। वज्रासन पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाता है, जिससे भोजन का बेहतर पाचन होता है और यह बीपी को नियंत्रित करने में मदद करता है। यदि आपको घुटनों में दर्द या कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो इसे करने से पहले अपने योग प्रशिक्षक से सलाह लें।

### थायरॉइड में कारगर योगासन

**हलासन:** योगासन की यह मुद्रा थायरॉइड ग्रंथि और योग के बीच के अनोखे संबंध को दर्शाती है। इस मुद्रा में, आपकी गर्दन में खिंचाव होता है, जो आपकी थायरॉइड ग्रंथियों को उत्तेजित करने में मदद करता है। हलासन विशेष रूप से हाइपोथायरॉयडिज्म वाले व्यक्तियों के लिए फायदेमंद है क्योंकि इस आसन को करने पर थायरॉइड हार्मोन स्रावित होते हैं। यदि आपको हाइपरथायरॉयडिज्म है, तो आपको हलासन करने से बचना चाहिए। थायरॉइड स्राव को विनियमित करने के अलावा, यह स्थिति पीठ और पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है और स्वायत्त तंत्रिका तंत्र को आराम देने में मदद करती है। हलासन को सही तरीके से करने के लिए योग प्रशिक्षक की निगरानी में ही करना चाहिए।



**सर्वांगासन:** शोल्डर स्टैंड यानी सर्वांगासन, थायरॉयड ग्रंथि पर दबाव डालकर काम करता है। इससे थायरॉयड ग्रंथि को पर्याप्त मात्रा में रक्त की



आपूर्ति होती है। सर्वांगासन रक्त को थायरॉयड ग्रंथियों में स्वतंत्र रूप से और आसानी से प्रसारित करने की अनुमति देता है। यह आसन थायरॉयड ग्रंथि में रक्त के स्राव के साथ हाइपोथायरॉयडिज्म के लक्षणों को रिवर्स करने में मदद करता है।


**ध्यान दें:** यहां बताए गए किसी भी आसन या प्राणायाम का अभ्यास करने से पहले, किसी अनुभवी योग प्रशिक्षक से सलाह अवश्य लें। *

**प्रस्तुति: शिखर चंद जैन**

### प्राणायाम भी हैं लाभकारी

**बीपी, थायरॉइड,** डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद के लिए कई प्राणायाम भी उपयोगी हो सकते हैं, जैसे कपालभाति, उज्जाई और नाड़ी शोधन प्राणायाम।

**कपालभाति:** यह प्राणायाम फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर बनाता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। लेकिन इसमें 1 मिनट में अधिकतम 40 स्ट्रोक्स ही करने चाहिए वरना बीपी हाई हो सकता है। यह 5 मिनट से शुरू करके 20 मिनट तक किया जा सकता है।





**अनुलोम-विलोम:** यह लगभग हर प्रकार की लाइफस्टाइल डिजीज में फायदेमंद होता है। सावधानी यह बरतनी चाहिए कि ग्रीष्म ऋतु में बाएं नाक से और शीत ऋतु में दाहिने नाक से इसे किया जाए। कम से कम 10 मिनट और अधिकतम 20 या 25 मिनट इसे करें। एक मिनट में 6 स्ट्रोक्स का ही चक्र पूरा करें।

**उज्जाई प्राणायाम:** उज्जाई प्राणायाम रक्तचाप को कम करने में मदद करता है और तनाव को कम करने में भी सहायक है।

**नाड़ी शोधन प्राणायाम:** यह प्राणायाम शरीर को शांत करता है और थायरॉइड को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**भ्रामरी प्राणायाम:** भ्रामरी प्राणायाम तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है, जिससे बीपी और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

---

प्रभाव

अंजू जैन


योगासन और ध्यान की महत्ता को अनेक देशों के वैज्ञानिक और डॉक्टर्स स्वीकार करते हैं। कई शोध बताते हैं कि इससे सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी बहुत लाभ होता है। इस बारे में जानिए।

## मानसिक-आध्यात्मिक स्वास्थ्य सुधारता है योगासन और ध्यान

वास्तव में योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संवारता है। यह आसन, प्राणायाम, ध्यान और अन्य तकनीकों का एक संयोजन है, जो शरीर और मन को एक साथ जोड़कर एक संतुलन बनाता है। योग का अर्थ है 'जुड़ना।' यह व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना से जोड़ता है। इसके अभ्यास से मन और शरीर के बीच सामंजस्य बैठाना, तनाव और चिंता कम करना और ऊर्जा में वृद्धि करना संभव है।

**कई तरह से लाभकारी:** हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग में प्रकाशित शोध से यह पता चलता है कि योगासन और ध्यान से कई मानसिक कार्यों के एग्जीक्यूशन में सुधार कर सकते हैं, जैसे तर्क, निर्णय लेने की क्षमता, स्मृति, सीखना, प्रतिक्रिया का समय और मानसिक तीक्ष्णता के परीक्षणों में सटीकता। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि यह पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को उनके लक्षणों से निपटने में मदद करने का एक प्रभावी तरीका हो सकता है। नियमित योग करने से ब्रेन का ग्रे मैटर बढ़ता है और मस्तिष्क में मौजूद न्यूरॉन्स के नेटवर्क में पॉजिटिव बदलाव आता है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग सहनशक्ति और शारीरिक-मानसिक स्फूर्ति में सुधार करता है। मिर्गी के रोगियों में, योग का अभ्यास करने से दौरे की संख्या में काफी कमी देखी गई है, यहां तक कि उन्हें पूरी तरह से रोका भी जा सकता है। ब्रिटेन में कार्डिफ यूनिवर्सिटी ब्रेन रिसर्च इमेजिंग सेंटर (क्यूब्रिक) की कॉग्निटिव नर्व साइंटिस्ट क्लाउडिया मेट्जलर-बैडेली का कहना है कि योग आपको लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जीने में भी मदद कर सकता है। योग मस्तिष्क की बनावट को भी बदल देता है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग का अभ्यास करने से ब्रेन का हिप्पोकैंपस, एमिग्डाला, प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स, सिंगुलेट कॉर्टेक्स और मस्तिष्क नेटवर्क सहित मस्तिष्क के कुछ हिस्सों की संरचना और कार्य दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें उम्र से संबंधित और न्यूरोडीजेनेरेटिव गिरावट को कम करने की क्षमता है।

कई अध्ययनों से पता चला है कि योग से मस्तिष्क में गामा-अमीनोब्यूटिरिक एसिड (गाबा) का स्तर बढ़ता पाया गया है। यह न्यूरोट्रांसमीटर तंत्रिका कोशिकाओं की रासायनिक संदेश प्राप्त करने और भेजने की क्षमता को अवरुद्ध करके मस्तिष्क की गतिविधि को धीमा कर देता है।



शोधकर्ताओं ने पाया है कि जो लोग योग और ध्यान का अभ्यास करते हैं, उनमें साइटोकाइंस के उत्पादन में कमी देखी जाती है और इस प्रकार सूजन से संबंधित बीमारियों और स्थितियों के जोखिम में भी कमी आती है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग अवसाद को कम कर सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि योग अन्य उपचारों, जैसे दवा और मनोचिकित्सा के बराबर है।

**ध्यान:** यह एक अभ्यास है, जिसमें व्यक्ति अपने मन को एकाग्र और शांत करने के लिए शारीरिक और मानसिक तकनीकों का उपयोग करता है। यह ध्यान और जागरूकता को प्रशिक्षित करने की एक तकनीक है। ध्यान में, व्यक्ति को किसी एक वस्तु, ध्वनि, या विचार पर ध्यान केंद्रित करना होता है, ताकि मन को भटकने से रोका जा सके। ध्यान का अभ्यास करने से मानसिक शांति, भावनात्मक जागरूकता और तनाव कम करने में मदद मिलती है। ध्यान की कई अलग-अलग तकनीकें हैं, जैसे कि सांस पर ध्यान केंद्रित करना, मंत्रों का जप करना या किसी वस्तु पर ध्यान केंद्रित करना। ध्यान का अभ्यास नियमित रूप से करने से व्यक्ति को तनाव कम करने, मानसिक शांति प्राप्त करने और अपने बारे में अधिक जागरूकता प्राप्त करने में मदद मिलती है।

**ध्यान के फायदे:** यद्यपि ध्यान तनाव और चिंता को कम करने की एक तकनीक के रूप में जाना जाता है, यह आपके मूड को बेहतर बनाने, स्वस्थ नींद पैटर्न को बढ़ावा देने और संज्ञानात्मक कौशल को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। इसका इस्तेमाल खुद के और अपने आस-पास के माहौल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। स्मृति हानि वाले लोगों में यह न्यूरोसाइकोलॉजिकल परीक्षणों में प्रदर्शन को बेहतर बनाता है।

अध्ययनों और शोध से पता चलता है कि ध्यान, तनाव से प्रभावित कुछ स्थितियों के लक्षणों में भी सुधार कर सकता है, जिनमें शामिल हैं- किसी आकस्मिक हादसे, नुकसान या प्रियजन को खोने के बाद का तनाव विकार आदि। स्टडी में पाया गया है कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन करने से सामान्यीकृत चिंता विकार वाले लोगों में चिंता के लक्षणों को कम करने में मदद मिली, साथ ही सकारात्मक अफर्मेशन में वृद्धि हुई और तनाव प्रतिक्रिया और मुकाबला करने में सुधार हुआ। 3,500 से अधिक वयस्कों को दिए गए उपचारों में पाया गया कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन से अवसाद के लक्षणों में सुधार हुआ।

प्रतिदिन थोड़ी देर के लिए ध्यान करने से भी आपको लाभ हो सकता है। इस पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन मात्र 13 मिनट ध्यान करने से 8 सप्ताह में ध्यान और स्मरण शक्ति में वृद्धि हुई। *

---

## योग से होता है हमारा तन-मन शांत-ऊर्जावान

आम लोग ही नहीं कई सेलिब्रिटीज भी योग का नियमित अभ्यास करते हैं। योगासन और ध्यान करने से क्या फायदे होते हैं, उनका योगा रूटीन क्या है, बता रहे हैं कुछ टीवी एक्टर्स अपनी जुबानी।

स्टार्स फिटनेस



### बैलेंस बनाने में मदद करता है योग: अभिषेक शर्मा

**जी टीवी** पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'वसुधा' में देवांश का किरदार निभाने वाले अभिषेक शर्मा योग की अपनी लाइफ में महत्ता के बारे में बताते हैं, 'मैं बचपन में ही योग से जुड़ गया था। मुझे आज भी याद है, मेरी दादी हर सुबह प्राणायाम करती थीं। वो आंखें बंद करके बिल्कुल शांत बैठती थीं और धीरे-धीरे सांस लेती थीं। तब तो समझ नहीं आता था, लेकिन आज लगता है कि वही मेरा पहला परिचय था योगासन और ध्यान से। अब जब मैं एक्टिंग प्रोफेशन में हूं और रोज नए-नए किरदार निभाने होते हैं, तो योग मेरे लिए बहुत बड़ा सहारा होता है। इससे दिमाग शांत हो जाता है और हर सीन में बेहतर ढंग से परफॉर्म कर पाता हूं। यह सिर्फ शरीर को लचीला या फिट रखने का तरीका नहीं है, बल्कि मन को शांत करने और सोच को साफ करने का जरिया भी है। योग करने से मेरी नींद बेहतर हो गई है, इम्यूनिटी बढ़ी है और सबसे बड़ी बात यह कि अब मैं खुद को बेहतर समझने लगा हूं। इसका असर मेरे काम पर भी दिखता है। योग मुझे बैलेंस बनाए रखने में मदद करता है। सच कहूं तो योग ने सिर्फ मेरी बॉडी को नहीं, मेरी सोच और जिंदगी जीने का नजरिया बदल दिया है।' *




### योग से दूर होते हैं थकान-तनाव: आदित्य रेडीज

**सोनी सब** चैनल पर आ रहे शो 'तेनाली रामा' में राजा कृष्ण देव राय की भूमिका में नजर आ रहे आदित्य रेडीज योग के बारे में कहते हैं, 'हमारा एक्टिंग प्रोफेशन, अपने साथ कई तरह की चुनौतियां लेकर आता है, जैसे लंबे काम के घंटे, जो अकसर थकान और मानसिक तनाव का कारण बनते हैं। ऐसे समय में मुझे योग बहुत मदद करता है। यह सिर्फ शारीरिक लचीलापन नहीं लाता है, बल्कि मन को रीसेट करने की जगह देने और शांत करने का एक माध्यम भी है। थोड़ी देर का भी योगाभ्यास या श्वास-प्रश्वास की क्रिया, थकान और तनाव से हमें शांति दिलाती है। हालांकि, जो मुझे वास्तव में संतुलित रखता है, वह है डेली अच्छी नींद। इसीलिए मैं इसे अपनी प्राथमिकता बनाकर रखता हूं, क्योंकि यही मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करती है। योग करने से मुझे नींद भी अच्छी आती है।' *

### योग से मैं ऊर्जावान महसूस करता हूं: आसिफ शेख

**इन दिनों** एंड टीवी पर आ रहे शो 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा का रोल निभाने वाले आसिफ शेख बताते हैं, 'योग मेरी जिंदगी में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। यह सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं है, बल्कि जीवनशैली है। इससे मेरा तन और मन दोनों शांत रहते हैं। शूटिंग के लंबे घंटे और तनाव भरे



शेड्यूल के बावजूद मैं अंदर से संतुलित और ऊर्जावान महसूस करता हूं। हालांकि मेरे शूटिंग शेड्यूल की वजह से रेग्युलर टाइम पर योग करना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन मैं जहां भी मौका मिलता है, वहां योग कर ही लेता हूं। इससे मुझे बहुत रिलैक्स महसूस होता है और मैं दिनभर फिट बना रहता हूं। मेरे दिन की शुरुआत का सबसे जरूरी हिस्सा पद्मासन है। जब मैं इस आसन में बैठता हूं, तो ऐसा लगता है मानो पूरा शरीर स्थिर हो गया है और मन एकदम शांत हो गया है। यह स्थिति मुझे अपने अंदर झांकने का अवसर देती है। जैसे ही मैं पद्मासन में बैठकर आंखें बंद करता हूं और कुछ गहरी सांसें लेता हूं, एक अलग ही शांति महसूस होती है। ध्यान करने से मुझे सिर्फ मानसिक स्पष्टता ही नहीं मिलती, बल्कि यह मुझे मेरे काम पर भी बेहतर फोकस करने में मदद करता है। कई बार जब मैं थका हुआ होता हूं या मानसिक रूप से तनाव महसूस करता हूं, तब कुछ मिनटों का ध्यान मुझे बिल्कुल तरोताजा कर देता है। इसके अलावा प्राणायाम भी करता हूं, जिससे मेरी सांसें नियंत्रित रहती हैं और मानसिक स्पष्टता बनी रहती है।' *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

## खबर संक्षेप

### प्लॉट से हजारों रुपये का सामान चोरी

**रेवाड़ी।** रसूली गांव में चोर एक प्लॉट से हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में संजय कुमार ने बताया कि उसका घर से कुछ दूरी पर एक प्लॉट है। वह प्लॉट में पशु बांधता है। सुबह के समय जब वह अपने प्लॉट में गया तो वहां से एक हुक्का, दो गेहूं के कट्टे, एक पंखा व लोहे के एक्सेल सहित काफी सामान गायब था। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### ट्रेन में रेल यात्री का बैग चोरी

**रेवाड़ी।** शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन में रेल यात्री का बैग चोरी होने का केस जीआरपी ने दर्ज किया है। जीआरपी सहारनपुर से मिली जीरो एफआईआर में यूपी के सलूनी निवासी शिवभूषण ने बताया कि वह अपनी पत्नी और सास के साथ जोधपुर से सहारनपुर जा रहा था। रेवाड़ी स्टेशन के पास उसकी पत्नी का हैंडबैग चोरी हो गया। उसमें दो सोने की चेन, 3 अंगूठी, लॉकेट व एक पर्स में 800 रुपये और दस्तावेज थे। जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी।

### अपराध व अपराधी किसी भी सूरत में नहीं होंगे बर्दाश्त

# लोगों से जुड़कर धरातल पर कार्य करें पुलिसकर्मी : डॉ. राजश्री सिंह

■ आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

लघु सचिवालय परिसर स्थित कांफ्रेस हॉल में जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सभी डीसीपी, एसीपी, थाना व चौकी प्रभारी तथा सभी क्राइम यूनिट के प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिला पुलिस आयुक्त ने कहा कि जिले में कहीं पर भी कोई अप्रिय घटना घटित होने पर संबंधित अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचेंगे और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अपराधी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिसकर्मी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में धरातल पर कार्य करते हुए वहां के प्रबुद्धजनों से संपर्क बनाकर रखें और यह पता करें कि गांव में किस तरह का अपराध ज्यादा है। अगर गांव में गुटबाजी है तो गांव के सरपंच और प्रबुद्धजनों से संपर्क करके आपसी समन्वय स्थापित करवाने की पूरी कोशिश करें। उन्होंने विशेष तौर पर हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने के लिए धरातल स्तर पर लोगों से जुड़कर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें ग्रामीण क्षेत्र में जाकर गांव के बुजुर्ग व्यक्तियों के बीच बैठकर अपराधिक किस्म के लोगों के बारे में जानकारी एकत्रित करनी होगी और उन लोगों को जागरूक करना होगा कि अपराध की जिंदगी जहां बहुत छोटी होती है वही अपराध करने वाला कभी भी चैन से नहीं जी सकता। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति गाय या बैल को लेकर जाता हुआ मिले तो गांव के सरपंच से यह जरूर वेरीफाई करें कि यह गाय या बैल किससे खरीद कर लाया है और कहां पर लेकर जाएगा।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। महिला कर्मियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करते हुए डीएलएसए की टीम। फोटो :हरिभूमि

### कर्मचारियों को उनके अधिकारों और संरक्षण के कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी

**झज्जर।** डीएलएसए सचिव एवं सीजेएम विशाल के आदेशानुसार गांव पाहसौर स्थित निजी कंपनियों के कार्यस्थलों पर एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति होने वाले यौन उत्पीड़न की रोकथाम और उनसे संबंधित कानूनी अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पैनल अधिवक्ता मीना कादियान, कंवर अन्नू बाई चौहान तथा पैरा विधिक स्वयंसेवक कर्मजीत छिल्लर और अन्नू सिमार ने भाग लिया। वक्ताओं ने उपस्थित पुरुष व महिला कर्मचारियों को बताया कि कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार, छेड़छाड़ या मानसिक उत्पीड़न के विरुद्ध कानून में स्पष्ट प्रावधान हैं।

### प्राइवेट विद्यालयों में 25 फीसदी सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के दाखिले का प्रावधान

**झज्जर।** प्रदेश में निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत प्रथम या इससे पूर्व की कक्षा में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर अलाभप्रद व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को दाखिला देने का प्रावधान है।

मौलिक शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए पत्र के अनुसार शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में इस नियम के अंतर्गत दाखिले के लिए मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालयों द्वारा दर्शाई गई सीटों पर दाखिला दिया जाना है।

दाखिले के लिए दिनांक तेरह जून से तेईस जून तक आयु मानदंड के अनुसार अभिभावकों द्वारा पोर्टल पर आवेदन फार्म अपलोड करने की प्रक्रिया जारी है। इसके पश्चात अभिभावकों द्वारा आवेदन फार्म भरने के लिए अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

# शिविर में 110 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

■ जांच के दौरान अधिकांश लोगों में बीपी, शुगर व घुटनों में दर्द पाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

आयुष विभाग द्वारा क्षेत्र के गांव खेड़ी जट्ट में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक संस्था सेवा भारती व आयुष विभाग के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में आयुष विभाग से डॉक्टर नीलम यादव व उनकी पूरी टीम ने सेवाएं दीं। संस्था संरक्षक करतार सिंह गुलिया, जिला प्रमुख रमेश लाठर, सचिव कुलबीर ने बताया कि इस दौरान मुख्यातिथि हवा सिंह मलिक ने भगवान धंवतरि के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते हुए शिविर की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग की ओर लोगों का लगातार रूझान बढ़ रहा है, इससे असाध्य रोग भी ठीक हो रहे हैं। डॉक्टर नीलम ने बताया कि शिविर में कुल 110 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान अधिकांश लोगों में बीपी, शुगर व घुटनों में दर्द पाया गया जिन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इनके अलावा मधुमेह, जोड़ दर्द, गठिया व बच्चों से जुड़ी बीमारियों की जांच भी की गई। इस मौके पर आयुष विभाग से डॉक्टर ज्योति यादव, फार्मासिस्ट राजपाल, योग सहायक सुमन, नीतिका, राकेश कुमार, मनोज मेहरा, रणसिंह मेहरा, सुखबीर सिंह, रतिराम, वेद सिंह, कुलदीप मिस्त्री सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। भगवान धंवतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर की शुरूआत करते हुए मुख्यातिथि। फोटो :हरिभूमि

### नशामुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा राज्य पुरस्कार

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा नशामुक्ति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं और नशा मुक्ति केंद्रों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अब 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 10 जून थी, जिसे बढ़ा दिया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी वीरेंद्र ने बताया कि यह पुरस्कार नौ विभिन्न श्रेणियों में दिए जाएंगे। इनमें सर्वश्रेष्ठ नशा मुक्ति केंद्र, शराब और मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम के लिए कार्यरत संस्थाएं और नशामुक्ति में सामाजिक भागीदारी निभाने वाले व्यक्ति आदि शामिल हैं।

### शिविर में लोगों को समझाया योग का महत्व


झज्जर। योगाभ्यास कराते हुए योग सहायक नवीन कायत। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव फतेहपुरी में बुधवार को आयुष विभाग द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग सहायक नवीन कायत व योगा इंस्ट्रक्टर ममता ने युवाओं को योग का महत्व समझाते हुए उन्हें योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। शिविर के दौरान पीएचसी ढाकला से रविंद्र दहिया ने ग्रामवासियों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान बारे जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जागरुकता रैली निकालते हुए लोगों में भ्रूण लिंग जांच ना कराने संदेश भी दिया।


झज्जर। होनहार छात्रा को फूलमाला पहना कर आशीर्वाद देते हुए परिजन व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

## कैंब्रिज की छात्रा अनीता एमबीबीएस में चयनित

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ की छात्रा अनीता का चयन एमबीबीएस में हुआ है। विद्यालय प्रबंधक बिमला यादव ने बताया कि अनीता ने ऑल इंडिया रैंक 2992 के साथ परीक्षा पास की। अनीता की इस उपलब्धि पर विद्यालय व उसके पैतृक गांव सुंदरेहटी में खुशी की लहर है। विद्यालय प्रबंधन समिति पदाधिकारी उमेश भारद्वाज व पवन कुमार सहित विद्यालय स्टॉफ सदस्यों ने अनीता के गांव पहुंच कर परिजनों को बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्राम सरपंच कृष्ण कुमार भी उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर महारानी लक्ष्मीबाई को किया नमन

### उनके साहस और वीरता के किस्से सुनाते हुए 1857 की क्रांति में उनके योगदान को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में महारानी लक्ष्मी बाई की पुण्यतिथि पर समिति सदस्यों और ग्रामीणों ने उन्हें नमन किया। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर प्रकाश डाला। उनके साहस और वीरता के किस्से सुनाते हुए 1857 की क्रांति में उनके योगदान को याद किया। लक्ष्मीबाई एक वीर योत्रा थी।

सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, जयभगवान प्रधान, पहलवान रामकुमार, सुदेश कौशिक, सतबीर व विशाल आदि ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।


बहादुरगढ़। झांसी कर रानी लक्ष्मीबाई को नमन करते समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## सरल पोर्टल की धीमी गति कर रही परेशान

■ युवाओं के नहीं बन पा रहे सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

सरल पोर्टल की धीमी गति के कारण एससी, बीसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र व डोमिसाइल बनवाने वाले युवाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गत 15 दिनों से लघु सचिवालय व सीएससी सेंटरों पर युवाओं की लंबी लाइनें लगी हुई हैं। सीएससी संचालक प्रवेश, इंद्रजीत, शशिकांत व आकाश ने बताया कि तकनीकी मेंटेनेंस अपडेट के कारण सरल पोर्टल 30 व 31 मई को बंद भी रहा। हरियाणा राज्य डेटा सेंटर मेंटेनेंस कार्य के चलते विभाग की ओर से पोर्टल बंद होने की जानकारी पोर्टल पर भी शेयर की गई, अभी तक सरल पोर्टल सही ढंग से नहीं काम नहीं कर रहा है। सरल पोर्टल पर रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, फैमिली आईडी, राशन कार्ड, खाद-बीज लाइसेंस, छात्रवृत्ति योजनाओं के फार्म सहित अन्य सरकारी सुविधाओं के लिए आवेदन किए जाते हैं। सरल पोर्टल के सही ढंग से काम नहीं करने के कारण लोग गत दो सप्ताह से इन सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे।

### युवक के साथ ठगी करने के मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने एक युवक को ऑनलाइन जॉब का झांसा देने व टास्क के नाम ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कपिल निवासी गांव सडियार जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। जिले के गांव माजरा गुरदास निवासी ललित कुमार ने नौकरी के लिए अपना रिज्यूम गूगल पर डाल रखा था। गत 14 मई उसके वाट्सएप नंबर पर ऑनलाइन जॉब करने के लिए मैसेज आया। जब उसने मैसेज से संबंधित व्यक्ति से बात की तो उसने उसे टास्क कंपलीट करने पर पैसे देने की बात कही। इसके बाद ठग ने उसे टेलीग्राम पर अपनी एक आईडी बताई और कहा कि इस आईडी पर टास्क पूरा करने पर उसको अच्छा मुनाफा होगा। युवक ने साइबर ठग के झांसे में आकर अपने बैंक खाता से उसको 15000 रुपये फोन-पे ये ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद ठग ने उसे बताया कि उसके 23000 रुपये हो गए है, जिनको निकालने के लिए उसको 50000 रुपये और जमा कराने होगे। इसके बाद युवक ने उसको 50 हजार रुपये और ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी जब ठग ने ललित को और पैसे भेजने के लिए बोला तो उसे साइबर फ्रॉड होने का पता चला। साइबर ठग ने युवक के साथ 65000 रुपये का फ्रॉड कर लिया।

### बाबा कांशीगिरी मंदिर में 256वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन

# तेरे जैसा राम भगत न हुआ न होगा मतवाला..

■ भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बाबा कांशीगिरी मंदिर में 256वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, भारत भूषण नंदा, दिनेश दुजाना, देवेश शर्मा, लक्ष्य वर्मा, राजेंद्र वधवा, राहुल शर्मा, रवि यादव, केवल अग्धी, प्रिंस सेठी, अनिल छाबड़ा, सुमन वधवा, वीना वर्मा, सीमा तनेजा, शांति कटारिया, विशन वधवा, शीला देवी चुघ, नारायणी सरदाना, रमेश लखेरा, उमंग खुराना, हरीश अरोड़ा, सुरेश गाबा सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। वहीं भारत भूषण नंदा, राजेंद्र वधवा ने, हे दुःख भंजन, मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार...पवनसुत विनती बारंबार.. तेरे जैसा राम भगत न हुआ न होगा मतवाला.. भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर वेद बहल पाशु, पदम खट्टर, वीके शर्मा, सुभाष वर्मा, प्रदीप काठपालिया, बीरबल खत्री, हर्ष कौशिक, वंशू वर्मा, विकास नरूला, विनोद भूटानी, रुद्र कौशिक, सक्षम वर्मा, भवित वर्मा, डिंपल, बिल्लू वर्मा, जय प्रकाश गुप्ता, मुकेश सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

## संगठन की मजबूती के लिए पार्टी की नीतियों का प्रचार करें कार्यकर्ता : प्रकाश भारती

■ नवनियुक्त हलकाध्यक्षों को इनेलो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने दी बधाई

**झज्जर।** इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूती देने के लिए कार्यकारिणी गठित की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला इनेलो एससी प्रकोष्ठ के सभी चार हलकों के अध्यक्षों की नियुक्तियां की गईं। एससी सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सुखबीर सरोहा ने एससी सैल के प्रदेशाध्यक्ष वेद सिंह मुंडे व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी, जिला अध्यक्ष सतपाल पहलवान, शहरी जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी एवं शीर्ष नेताओं से विचार-विमर्श कर हलका अध्यक्षों की घोषणा की जिसमें धर्मबीर दरोगा को झज्जर हलकाध्यक्ष, रण सिंह तंवर को बहादुरगढ़, दीपचंद को बादली व प्रदीप भागलपुरी को बेरी हलकाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। सभी नवनियुक्त हलकाध्यक्षों को इनेलो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती ने बधाई देते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी साथी मिलकर लोगों से जनसंपर्क करें और पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें। इंडियन नेशनल लोकदल किसानों व कमेरों की पार्टी है, जिसमें समस्त वर्गों का सम्मान किया जाता है। इस मौके पर युवा इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी, महेंद्र सैन ढाकला,सोनू, पवन, एडवोकेट विपिन, अमरजीत, सतबीर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। मीटिंग में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रकाश भारती। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### आज लगेगा समाधान शिविर सुनीं जाएंगी जन समस्याएं

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि समाधान शिविर हर सप्ताह सोमवार और वीरवार को जिला मुख्यालय स्थित लघु सचिवालय में आयोजित किया जाता है। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर लघु सचिवालयों में समाधान शिविर आयोजित हो रहे हैं। जहां संबंधित एसडीएम द्वारा जन समस्याओं पर सुनवाई की जाती है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहते हैं और आने वाले नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाता है।

### परिवेदना समिति की बैठक कल

**झज्जर।** सीटीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि जिले में नागरिक शिकायतों के त्वरित व स्थाई समाधान के लिए गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक शुक्रवार को सुबह 11 बजे संवाद भवन में होगी। जिसकी अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सभी विभागाध्यक्षों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रत्येक शिकायत पर सुनवाई व त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### पार्क में योग व फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को देवीलाल पार्क में योग व फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन और सूर्या फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. बालकिशन तंवर ने किया। लगभग 200 प्रतिभागियों ने योग सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग अभ्यास के साथ-साथ लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व और दैनिक जीवन में योग की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश अरोड़ा, प्रवीण गुप्ता, सूरज भान और सुरेंद्र बजाज उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार में डॉ. बालकिशन तंवर के योगदान की सराहना की। डॉ. तंवर ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है।

### आमजन से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान

# योग दिवस की तैयारियों में जुटे प्रशिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा सरकार तथा आयुष विभाग द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीयय योग दिवस की तैयारियों में लगातार कैंप लगाए जा रहे हैं। लोगों को योग से होने वाले वास्तविक लाभ से अवगत करवाया जा रहा है। योग प्रशिक्षक इसमें सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र में 193 सदस्य देशों ने 21 जून को प्रति वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की स्वीकृति दी थी। योग प्रशिक्षक अनीता द्वारा लगातार योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। वे आमजन को योग की विभिन्न क्रियाओं की जानकारी देते हुए योगाभ्यास करवा रही हैं। इसके अलावा युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दे रही हैं। उन्होंने बताया कि आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी के चलते मनुष्य हमेशा तनाव में रहता है और बीमारी से ग्रस्त हो रहा है। चूंकि योग से सभी बीमारियों का इलाज संभव है। इसलिए हमें प्रतिदिन सुबह कम से कम आधा घंटा योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। योग शिक्षिका उर्मिला देवी के अनुसार हमें खुद को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए। वे स्कूलों में विद्यार्थियों को योग का महत्व समझाते हुए योग का प्रशिक्षण दे रही हैं। उनके अनुसार योग हमारे शरीर को निरोग बनाता है, इसलिए हमें सुबह के समय योग जरूर करना चाहिए। हम योग क्रियाओं के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर स्वस्थ रह सकते हैं। योग के माध्यम से शरीर के साथ मानसिक मजबूती भी मिलती है।





**बहादुरगढ़।** महिलाओं को योगाभ्यास करवाती योग प्रशिक्षिका अनीता तथा प्रशिक्षण शिविर में योगाभ्यास करवाती उर्मिला देवी। फोटो: हरिभूमि

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर उत्साह, 51 हजार लोगों ने किया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**झज्जर।** जिले में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां व्यापक स्तर पर चल रही हैं। योग दिवस के उपलक्ष्य आयोजित हो रही गतिविधियों को लेकर जिलावासी पूरे जोश व उत्साह से सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं। जिलावासियों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह है और अब तक 51 हजार से अधिक लोग योग दिवस कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण भी करवा चुके हैं। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिला प्रशासन और आयुष विभाग द्वारा योग दिवस को लेकर अनेक तरह के आयोजन करवाए जा रहे हैं। जिसमें सामाजिक, शैक्षणिक व व्यापारिक संस्थाओं को शामिल किया जा रहा है। इन आयोजनों से जिले में योग का संदेश जन-जन तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि योग दिवस के ऑनलाइन लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी जारी है। कोई भी नागरिक 9501131800 नंबर पर केवल एक मिस कॉल देकर भी जुड़ सकता है। मिस कॉल करते ही व्यक्ति का नाम स्वतः पंजीकरण सूची में दर्ज हो जाता है।



**बेरी।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### एसडीएम ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

**बेरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर बुधवार को एसडीएम रेणुका नांदल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को योग दिवस कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी आवश्यक प्रबंधों समय रहते पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बेरी खेल स्टेडियम में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग दिवस कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग अपने से संबंधित प्रबंध व व्यवस्था को समय रहते पूरा करना सुनिश्चित कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इस योग प्रोटोकोल प्रशिक्षण लें, ताकि योग दिवस पर सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न हो सके।

## एचएसएनसीबी ने अफीम सहित नशा तस्कर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अफीम सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास 276 ग्राम अफीम बरामद हुई है। उसके खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

दरअसल, एचएसएनसीबी को सूचना थी कि भिवानी के दिनोद गांव के निवासी बिंदू के पास नशीला पदार्थ है। वह गाड़ी लेकर बादली से झज्जर की तरफ जाएगा। इस पर टीम ने बादली में आर्य समाज मंदिर के पास नाकाबंदी कर दी। नाकाबंदी के दौरान क्रेटा गाड़ी रुकवाई और आरोपी को काबू कर लिया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उसकी व गाड़ी की तलाशी ली गई। इस दौरान गाड़ी से 276 ग्राम अफीम बरामद हुई। एचएसएनसीबी रोहतक यूनिट के इंचार्ज धर्मबीर सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। उसे अदालत में पेश करने की तैयारी चल रही है। वह अफीम कहां से लाया, कहां ले जा रहा था आदि जांच का विषय है। मामले में कोई और भी शामिल मिलता है तो उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। प्रदेश को नशा मुक्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आमजन से भी अपील है कि नशे को रोकने में प्रशासन की मदद करें। यदि कोई कहीं नशीला पदार्थ बेचता हो तो उसकी सूचना दें।



**बहादुरगढ़।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। फोटो: हरिभूमि



**झज्जर।** डीसी को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर। फोटो: हरिभूमि

### ओलंपियन मनु भाकर ने डीसी से की शिष्टाचार भेंट

**झज्जर।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाली ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल से शिष्टाचार भेंट की। डीसी ने ओलंपिक खेलों में उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए भावी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मनु भाकर की माता सुमेधा भाकर भी मौजूद रही। डीसी ने कहा कि मनु भाकर ने अंतरराष्ट्रीय मंचों खास तौर से बीते ओलंपिक खेलों में कई पदक जीतकर हरियाणा सहित पूरे देश को गौरवावित किया है। उन्होंने कहा कि मनु भाकर जैसे युवा खिलाड़ी आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और ऐसे खिलाड़ियों से जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिला है।

## तीन दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नूना माजरा के श्री ओमवीर सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ रिहेबिलिटेशन में बुधवार से 3 दिवसीय सतत शैक्षणिक कार्यक्रम का शुरु हुआ। भारतीय पुनर्वास परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त कार्यक्रम में हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के व्यावसायिक पुनर्वासकर्मी भाग लेंगे। संस्था अध्यक्ष नवीन देसवाल, समन्वयक डॉ भोम सिंह मीना, सोनू जांगड़ा व लक्ष्मी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया गया। विभिन्न पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनकी शिक्षा की विभिन्न रणनीतियों के बारे में चर्चा की जाएगी। नवीन देसवाल ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से हम दिव्यांग बच्चों को उनके अधिकार दिला सकते हैं।




- शिक्षा के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को दिला सकते हैं अधिकार

**बहादुरगढ़।** दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम शुरू करते संस्था के पदाधिकारी।

## फैक्ट्री में पांच दिन के अंदर दो बार चोरी की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एमआईई स्थित एक फैक्ट्री में दीवार तोड़कर चोरी का मामला सामने आया है। पांच दिन के भीतर दो बार वारदात हुई और लाखों रुपये का सामान चोरी किया गया है। जब दूसरी बार वारदात के लिए चोर फैक्ट्री में घुसे तो दो संदिग्ध युवक काबू कर लिए गए। एमआईई पुलिस मामले में जांच कर रही है।

जांच के दौरान कई वारदातों के खुलासों की संभावना है। मामला एमआईई पार्ट वन स्थित एक कंपनी का है। कंपनी के मालिक अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि गत 11 जून की रात को प्रवेश द्वार से सटी दीवार तोड़कर चोर फैक्ट्री में घुस गए और जमकर तोड़फोड़ करते हुए वारदात कर डाली। जब हम फैक्ट्री में आए तो वारदात का पता चला। जांच करने पर शौचालय की सेनेट्री फिटिंग, पुरानी फिटिंग से भरे दो बैग, कॉपर वायर के पांच रोल, लूज वायर के बैग, लोहे की प्लेटें, मिश्र धातु की प्लेटें, स्टील स्लाइडर गेट व्हील, मशीन, तांबे से बना गैस कटर, तांबे की अर्थिंग लीड, वेल्डिंग गन, जीएल फिटिंग, धातु स्क्रैप, पाइप, स्टील आदि करीब सवा सात लाख का सामान गायब मिला। इसके अलावा दोनों बाथरूम भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिए। इसके बाद अब 15 जून को सूचना मिली कि फिर से चोर हमारी कंपनी में घुस गए हैं।

- एमआईई स्थित एक फैक्ट्री में दीवार तोड़कर चोरी का मामला

इस बार हम तुरंत मौके पर पहुंच गए। इस दौरान सामान लेकर भागते दो संदिग्ध युवक पकड़ लिए। उधर, पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच चल रही है। आरोपियों की क्या भूमिका है, ये जांच के बाद कहा जा सकता है। मामले में सामने आया है कि पकड़े गए दो युवक लाइनपार के रहने वाले हैं। एक ऑटो चालक भी इनका सहयोगी है। इनका पूरा गिरोह है और ये फैक्ट्रियों में घुसकर वारदात करते हैं और कबाड़ी वालों को सामान बेच देते हैं। असल सच्चाई क्या है, ये तफ्तीश के बाद पता चल सकेगा।

## पार्क के सामने खड़ी बाइक चोरी

**झज्जर।** शहर के राव मंगलीपार्क के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में उलखचना कोट निवासी अजय ने बताया कि वह बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है तथा कोचिंग के लिए शहर की एक लाइब्रेरी में जाता है। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे उसने अपनी बाइक पार्क के गेट के सामने खड़ी की और अपने दोस्त की मोटरसाइकिल पर बैठकर लाइब्रेरी चला गया। जब दोपहर करीब ढाई बजे वह लाइब्रेरी से वापिस लौटा तो उसकी बाइक वहां से चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

- पुलिस ने मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू की

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़

झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर

फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।


अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नए फीडर स्थापित कर कम किया जा रहा लोड

**झज्जर।** बिजली निगम अपने उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में राहत दिलाने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर लोड को बांटकर कम कर रहा है। बिजली निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि इसके लिए बीच-बीच में मेंटीनेंस कार्य चलाकर कर्मचारियों द्वारा काम किया जा रहा है। उन्होंने सिटी नंबर तीन के फीडर से 11 केवी आर्य नगर फीडर चालू किया है। सिटी नंबर तीन की जो सप्लाई थी उसे 11 केवी आर्य नगर फीडर से जोड़ कर लोड को कम किया गया है। उन्होंने बताया कि सिटी नंबर के अंदर के कच्चा तलाव रोड, पुराना बर्फ खाना रोड, आदर्श नगर, कोसली रोड व रहणिया कालोनी क्षेत्र आता है। अब लोड बंटने के बाद जहां यहां के उपभोक्ताओं को बिजली संकट से छुटकारा मिल पाएगा वहीं विशेष परिस्थितियों में लाइट जाने या कोई फाल्ट आने पर कर्मचारियों द्वारा लाइन बंद कराने के दौरान भी कम क्षेत्र के लोग प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भट्टी गेट क्षेत्र में भी नए फीडर से कनेक्शन देते हुए लोड को कम किया जाएगा।



**झज्जर।** 11 केवी फीडर का फाइल फोटो।

## प्राइवेट सेक्टर को साथ लेकर करेंगे खेलों का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल और उपाध्यक्ष अनिल खत्री का चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर ने स्वागत किया। साथ ही खेल गतिविधियों के संचालन और प्रोत्साहन में सहयोग की पेशकश की। अनिल खत्री ने बताया कि हरियाणा ओलंपिक संघ खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए काम कर रहा है। ओलंपिक भवन का सुधार करवाया गया है। हर जिले में एक खेल को गोद लेकर प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर राकेश मलिक ने पंचकूला में खेल इवेंट्स के दौरान हॉस्टल या ग्राउंड्स फ्री ऑफ कॉस्ट उपलब्ध करवाने की पेशकश की है। यूनिवर्सिटी के पांच स्विमिंग पूल भी खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी हरियाणा के अच्छे खिलाड़ियों को फ्री में एडमिशन और मैडल आने पर कैश प्राइज भी देने को तैयार है। अनिल खत्री ने बताया कि हरियाणा ओलंपिक संघ प्राइवेट सेक्टर को साथ लेकर खेलों के उत्थान के लिए काम कर रहा है।



**बहादुरगढ़।** मीनू बेनीवाल और अनिल खत्री का स्वागत करते राकेश मलिक व अन्य।



**बहादुरगढ़।** सब्जी मंडी के एक हिस्से में फैली गंदगी।

### सब्जी मंडी में सफाई करवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** शहर की सब्जी मंडी के एक हिस्से में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। जिस कारण स्थानीय आढ़ती परेशान हैं। आढ़तियों के प्रधान भूपेंद्र सैनी ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को गंदगी को लेकर अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन सफाई के नाम पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। उनके अनुसार मानसून के मौसम में हालात खराब हो जाएंगे। भूपेंद्र सैनी ने धरातल पर काम करवाने की बजाय सिर्फ फोटो खिंचवाकर लोगों को गुमराह करवाने वाले नेताओं की आलोचना की। आढ़ती राजेश सैनी, योगराज, धीरेंद्र, प्रदीप, सतपाल, बिजेंद्र, राजू व कृष्ण आढ़ती ने भी सफाई व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की।

### हत्या के मामले में सीएम से मिले परिजन

**बहादुरगढ़।** शहीद भगत सिंह पार्क में हुई यंशु हत्या के मामले में पुलिस जांच से असंतुष्ट परिजनों ने सीएम नायब सैनी से मुलाकात कर नाराजगी जाहिर की है। पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली से नाखुशी जताते हुए परिजनों ने कहा कि उन्हें वंशु हत्याकांड में अन्य लोगों का हाथ होने का शक है। इस मामले में पुलिस प्रशासन महज खानापूर्ति कर रहा है। जबकि वे अपने बेटे की हत्या से दुखी हैं। परिजन संजय व बिट्टू आदि ने मुख्यमंत्री से इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की अपील की। सीएम ने परिजनों को विश्वास दिलाया कि उनके साथ न्याय होगा। इस हत्याकांड की गंभीरता से निष्पक्ष जांच होगी।

### वित्तीय अनियमितताओं का लगाया आरोप

# रेलवे पार्क की देखरेख पर हुए खर्च की हो जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

समाज कल्याण मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर सीमा दलाल ने रेलवे पार्क की देखरेख के नाम पर वित्तीय अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। किसान नेता प्रवीन दलाल ने बताया कि रेलवे पार्क की मरम्मत, सफाई और रखरखाव के लिए जारी किए गए बजट का गलत इस्तेमाल हुआ है। स्थानीय निवासी लेखराज यादव ने आरटीआई के तहत प्राप्त सूचना के आधार पर बताया कि रेलवे पार्क के देखरेख के लिए नगर परिषद द्वारा एक टेंडर 4 लाख 54 हजार 759 रुपए तथा दूसरा टेंडर 22 लाख 87 हजार रुपए का लगाया गया है। प्रदीप रोहज, राहुल, बिल्लू, हेमंत, योगेश, साहिल, प्रवेश, आशा, सावित्री, पिंकी, निर्मला, कमलेश, बाला व होशयारी आदि स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे पार्क की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है, जबकि कागज़ों में लाखों रुपए का खर्च दिखाया जा रहा है। सीमा प्रवीन दलाल के अनुसार नगर परिषद ने रेलवे पार्क की देखरेख का काम एक समिति को दे रखा है। समिति के पदाधिकारी गांव खुंगाई के हैं और इसमें मोबाइल नंबर वार्ड के एक प्रमुख व्यक्ति का है। उनका दावा है कि पार्क की देखरेख कर रही संस्था के राजनीतिक संबंध हैं और वह अपेक्षित काम नहीं कर रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द ही कार्यवाही नहीं हुई तो वे कानून का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने प्रदेश सरकार और जांच एजेंसियों से भी इस टेंडर प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग की।



- रेलवे पार्क की मरम्मत, सफाई और रखरखाव के लिए जारी किए गए बजट का गलत इस्तेमाल हुआ

**बहादुरगढ़।** पार्क में टेंडर की शर्तों का मिलान करते प्रवीन दलाल व लेखराज यादव। फोटो: हरिभूमि